# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆01 अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना भवानीगंज पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन में थानाध्यक्ष भवानीगंज मय टीम द्वारा आज दिनांक 23.03.2024 को चेकिंग के दौरान असलम पुत्र रोशन निवासी गरदहिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 30/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर, गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.असलम पुत्र रोशन निवासी गरदहिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष रामदेव, थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 अजय नाथ कन्नौजिया, थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
3.आरक्षी अभिषेक कुमार, थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
4.आरक्षी अंकित कुमार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
5.आरक्षी अवनीश राय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्योहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना उसका बाजार पुलिस व सी0आई0एस0एफ0 की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सोहास दरम्यानी, गौशाला रोड, उसका राजा, मदनपुर, पकड़ी बाजार आदि में एरिया डोमिनेशन/रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

◆क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 23-03-2024 को थाना उसका बाजार पुलिस व सी0आई0एस0एफ0 की संयुक्त टीम द्वारा आगामी त्योहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना उसका बाजार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोहास, दरम्यानी, गौशाला रोड, उसका राजा, मदनपुर, पकड़ी बाजार आदि स्थानो पर मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ एरिया डेमिनेशन/रुट मार्च/फ्लैग मार्च किया गया तथा आम-जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆01 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे ।

◆थाना इटवा पुलिस को मिली सफलता ।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक इटवा मय टीम द्वारा आज दिनांक 23.03.2024 को चेकिंग के दौरान ग्राम धोबहा मुस्तहकम के पास से राजकुमार पुत्र चिनमुन निवासी रुद्धौलिया थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 44/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर, गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.राजकुमार पुत्र चिनमुन निवासी रुद्धौलिया थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 संतोष कुमार तिवारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।
2.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।
3.हे0का0 पारस कुमार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।
4.हे0का0 हरिकेश बहादुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।
5.का0 विशाल सिंह थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।

## प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मादक पदार्थ का तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे ।

◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस को मिली सफलता ।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मादक पदार्थो की बिक्री/तस्करी की रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ मय टीम द्वारा आज दिनांक 23.03.2024 को 01 अभियुक्त को नकथर रोड से 750 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 63/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.सुनील पथरकट पुत्र धुनी पथरकट निवासी मोहनकोला थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण –**

1.अवैध गांजा 750 ग्राम।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.प्र0नि0 राज कुमार पाण्डेय, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 शिव प्रकाश शुक्ल, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

3.का0 धर्मेंद्र गौड़, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆चोरी के 02 अभियुक्त चढ़े डुमरियागंज पुलिस के हत्थे ।

◆अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी करने के उपकरण व अवैध शराब बरामद ।

◆गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.03.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 51/24 धारा 457/380 भा0द0वि0 से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को कस्बा भारत-भारी के पास से चोरी करने के उपकरण व अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.उमेश चौहान पुत्र स्व0 रामनिरंजन चौहान निवासी कोरई बनिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.दीनानाथ यादव पुत्र रामलाल यादव निवासी भारत भारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

**बरामदगी का विवरण –**

1.एक अदद कुल्हाड़ी मय लकड़ी बेट सहित ।

2.एक अदद जैकेट व लाल कैप ।

3.एक अदद TVS मोटर साईकिल नंबर UP 51 AC 0663 ।

4.एक पेटी देशी शराब टेट्रा पैक व वाहआरेंज (कुल 45 अदद) ।

5.कुल 646 रुपया नगद ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 उमेश धर द्विवेदी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.हे0का0 फूलचंद्र, अविनाश सिंह थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

3.का0 रुद्र प्रताप नायक, प्रदीप पाल, महेश चंद्र यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर

***प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा समस्त हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन किया गया।***

***◆भौतिक सत्यापन में मृत पाये गये हिस्ट्रीशीटर का खाका किया गया नष्ट।***

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा हिस्ट्रीशीटर चेकिंग अभियान चलाये जाने के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों के अन्तर्गत समस्त हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटरो की गतिविधियों की भी जानकारी ली गयी तथा उन्हें आवश्यक हिदायत दी गयी। अभियान के दौरान कुल 20 हिस्ट्रीशीटर मृत पाये गये जिसमें जनपद के थाना लोटन-01, कपिलवस्तु-01, शोहरतगढ़-02, कठेला समयमाता-01, बांसी-06, खेसरहा-01, जोगिया-01, इटवा-01, थाना मिश्रौलिया-03, गोल्हौरा-02 तथा थाना डुमरियागंज-01 का खाका नियमानुसार सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के उपस्थिति में नष्ट कराया गया।

***प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆आगामी त्यौहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ क्षेत्रान्तर्गत चौकी बढ़नी पर कस्बा बढ़नी के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, सभ्रांत व्यक्ति के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी ।***

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ के चौकी बढ़नी पर आज दिनांक 23.03.2024 को आगामी त्यौहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के सभी समुदाय के धर्मगुरु व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी तथा उक्त त्यौहार के सम्बन्ध में शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त आदेशों निर्देशो से अवगत कराया गया । इस दौरान थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।**

***प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆यातायात पुलिस द्वारा 02 पहिया वाहन पर 03 सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनो को हटवाने आदि के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।***

**आज दिनांक 23.03.2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम मे सिद्धार्थ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे एवं अरुण कांत सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा अभियान के तहत बाँसी रोडवेज स्टेशन पर गलत तरिके से खड़े वाहनो व ठेले एवं नेशनल हाइवे पर बिल्डिंग मटेरियल बनाने वाले को विशेष अभियान चलाकर हटवाया गया तथा साथ ही साथ, जोगिया, नौगढ़-कस्बा , सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु रिफलेक्टर टेप लगाया गया, सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन हटवाया गया तथा गलत दिशा मे वाहन चलाने वाले वहनो का चालान करते हुए यातायात नियमो का पालन न करने वाले कुल 38 वाहनों का चालान करते हुए ₹41500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी । प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके ।**

**प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार होली, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

◆आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 23.03.2024 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार होली, रमजान माह, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने व किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने की अपील की गयी।

**प्रेस नोट थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर**

**थाना इटवा क्षेत्र के देशी/अंग्रेजी शराब की दुकान तथा मॉडल शॉप की पुलिस/राजस्व एवं आबकारी के संयुक्त टीम द्वारा किया गया चेकिंग।**

**डा0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सुरेश चंद रावत के पर्यवेक्षण में व उप-जिलाधिकारी इटवा श्री अभिषेक पाठक तथा क्षेत्राधिकारी इटवा श्री रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में तथा थानाध्यक्ष इटवा श्री पंकज कुमार पाण्डेय व आबकारी निरीक्षक के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत तथा उच्च अधिकारी गणों के निर्देश के क्रम में कस्बा इटवा, महादेव आनंद नगर, पटखौली नानकार, परसा मैंना, मूसा बेलाहसा, टिकुईया चौराहा ,भीलोरी-भिलौरा आदि स्थानों की स्थानों पर शराब की दुकानों की चेकिंग किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 23.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 23.03.2024 को जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ गोष्ठी की गयी जिसमें पंजीकृत समस्त अभियोगों के संबंध में, लंबित विवेचनाओं/जाँच, शासन द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्र, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन कराने, विभागीय कार्यवाही, आयोगों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र आदि के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी तथा समस्त को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे ।**